प्रादेशिक समाचार
दिनांक–10.03.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- भारत ने न्यूजीलैंड को हराकर जीता आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी, रांची समेत देशभर में मनाया गया जीत का जश्न, राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने दी बधाई।
- झारखंड विधानसभा के बजट सत्र में आज अनुदान मांगों पर विस्तार से की जाएगी चर्चा।
- एनटीपीसी के अधिकारियों ने डीजीएम हत्याकांड को लेकर मुख्य सचिव से की मुलाकात, नौ संदिग्धों से की जा रही है पूछताछ, 36 घंटे से कोयला उत्पादन ठप्प।
- केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी के नेतृत्व में भारतीय प्रतिनिधिमंडल आज न्यूयॉर्क में शुरू होने वाले सत्र में होगा शामिल, महिला सशक्तिकरण के लिए केंद्र सरकार की पहल की दी जाएगी जानकारी।
- राज्य के कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने कहा– अल्पसंख्यक स्कूलों में पढ़नेवाली एससी, एसटी और ओबीसी बालिकाओं को भी मिलेगी साइकिल।

********************

टीम इंडिया ने दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए फाइनल मैच में न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराकर तीसरी बार आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीतकर एक बडा रिकॉर्ड बनाया है। फाइनल मुकाबले में 252 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने एक ओवर शेष रहते जीत हासिल कर लिया। कप्तान रोहित शर्मा को प्लेयर ऑफ द मैच और न्यूजीलैंड के रचिन रवींद्र को प्लेयर ऑफ द सीरीज घोषित किया गया। दर्शकों ने भी टीम इंडिया की जमकर तारीफ की।

इधर राजधानी रांची में भी टीम इंडिया की जीत के बाद लोग सड़कों पर उतर गए। रांची के अल्बर्ट एक्का चौक पर लोगों ने अबीर गुलाल उड़ाकर और आतिशबाजी कर जीत का जश्न मनाया।

********************

टीम इंडिया की जीत पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भारतीय क्रिकेट टीम को बधाई दी है। वहीं राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने भी चैंपियंस ट्रॉफी की ऐतिहासिक जीत पर भारतीय टीम को हार्दिक बधाई दी है।

********************

झारखंड विधानसभा के बजट सत्र में आज अनुदान मांगों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। बता दें कि झारखंड का बजट सत्र 24 फरवरी से शुरू हुआ है और 27 मार्च तक चलेगा।

********************

संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण आज से शुरू होगा जो 4 अप्रैल तक चलेगा। इस दौरान 20 बैठकें होंगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आज मणिपुर का बजट पेश करेंगी। पिछले महीने मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के इस्तीफे के बाद से राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू है। हमारे संवाददाता ने बताया कि सत्र के दौरान वर्ष 2025–26 के लिए अनुदान मांगों और संबंधित विनियोग विधेयक पर चर्चा और मतदान होगा।

********************

हजारीबाग में एनटीपीसी के डीजीएम कुमार गौरव की हत्याकांड की जांच एसआईटी ने शुरू कर दी है। घटनास्थल से डीजीएम के आवास तक के सभी सीसीटीवी फुटेज लिए गए हैं। घटना में दो अपराधी शामिल थे, जिनकी पहचान के लिए सभी सीसीटीवी की जांच की जा रही है। एसआइटी को लीड कर रहे एएसपी अमित कुमार ने टीम के साथ कई स्थानों पर छापेमारी की है। इस घटना के बाद से नौ संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है। 36 घंटे से कोयला उत्पादन ठप्प है।

इधर दिल्ली से पहुंचे एनटीपीसी के दो वरीय पदाधिकारी एचआर निदेशक एके जेदली और शिवम श्रीवास्तव ने मुख्य सचिव अलका तिवारी से मुलाकात की है। दोनों ही अधिकारियों ने हत्याकांड में शामिल अपराधियों के खिलाफ ठोस कार्रवाई के साथ–साथ एनटीपीसी के कर्मियों और अधिकारियों की सुरक्षा आग्रह किया है।

********************

कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने कहा है कि ओबीसी आरक्षण के मुद्दे पर कांग्रेस गंभीर है। इसे लेकर पार्टी केंद्र सरकार पर दबाव बनाएगी। श्रीयादव दुमका परिसदन में प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे।

********************

चतरा में होली और रमजान भाईचारे के साथ मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक की गई। चतरा सदर के एसडीओ जहूर आलम ने कहा कि होली और शुक्रवार को जुम्मे की नमाज को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है।

********************

होली में ट्रेनों में भीड़ को देखते हुए रेलवे ने होली स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा की है। रांची–जयनगर होली स्पेशल 12 मार्च को चलेगी। इस ट्रेन में स्लीपर, थर्ड एसी और सेकेंड एसी की पर्याप्त सीटें उपलब्ध हैं। वहीं जयनगर–रांची होली स्पेशल 13 मार्च को जयनगर से दोपहर 12 बजकर 10 मिनट पर रवाना होगी।

********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

********************

केन्द्रीय महिला और बाल विकास मंत्री तथा कोडरमा की सांसद अन्नपूर्णा देवी के नेतृत्व में एक भारतीय प्रतिनिधिमंडल आज न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में शुरू होने वाले महिलाओं की स्थिति से संबंधित आयोग के 69वें सत्र में शामिल होगा। महिला और बाल विकास मंत्री मंत्रिस्तरीय गोलमेज सम्मेलन में भारत का पक्ष रखेंगी।

********************

राज्य के कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने कहा है कि राज्य के सहायता प्राप्त अल्पसंख्यक स्कूलों में पढ़नेवाली एससी, एसटी तथा ओबीसी श्रेणी की छात्राओं को भी साइकिल और पोशाक देने की तैयारी चल रही है। कल्याण मंत्री कल रांची के एक स्कूल में आयोजित झारखंड अल्पसंख्यक प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय शिक्षक–शिक्षकेत्तर समन्वय समिति के राज्यस्तरीय अधिवेशन सह सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे।

********************

लोहरदगा जिले में स्वास्थ्य सेवा दुरूस्त करने के लिए कई पहल की गई है।

********************

- सरायकेला खरसावां जिले के आदित्यपुर थाना क्षेत्र में नशे की हालत में एक युवक ने फायरिंग की जिसे पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।
- लातेहार जिले की पुलिस ने नेतरहाट थाना क्षेत्र के सोहर ग्राम के जंगल से एक किशोरी का शव बरामद किया है।
- ********************

हरियाणा के मधुबन में चल रहे 73वें अखिल भारतीय पुलिस वॉलीबॉल क्लस्टर में झारखंड पुलिस महिला वॉलीबॉल टीम ने आरपीएफ महिला वॉलीबॉल को 5 सेट में हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया है।

********************

<u>अखबारों की सुर्खियां</u>

- रांची से प्रकाशित लगभग सभी अखबारों ने भारतीय क्रिकेट टीम के चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीतने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।
- प्रभात खबर लिखता है– टीम इंडिया हैप्पी होली।
- हिंदुस्तान के शब्द हैं– भारत फिर चैंपियन।
- दैनिक भास्कर की सुर्खी है– हम वर्ल्ड चैंपियन– रग, रग में जीत का रंग।
- दैनिक जागरण और अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया ने भी चैंपियंस ट्रॉफी की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनाई है।
- जबकि अंग्रेजी अखबार हिंदुस्तान टाइम्स ने मणिपुर में हिंसा की खबर को प्रमुखता दी है।

********************